हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–158 : जौनपुर, गुरुवार 11 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

बहनों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क सफर : आईएसबीटी पर सुबह से यात्रियों की भीड़

आगरा ब्यूरो : रोडवेज बसों में बुधवार रात 12 बजे से बहनों के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू कर दी गई। आगरा से रक्षाबंधन के पर्व पर रोडवेज ने सभी रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए हैं। गुरुवार को सुबह से ही बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ है। भीड़ के चलते बसों में कई यात्रियों को सीटें तक नहीं मिल रही हैं। आईएसबीटी प्रभारी चंद्रहंस ने बताया कि रोडवेज बसों में रक्षाबंधन पर घर जाने वालों की भीड़ दोपहर से शुरू हो गई। बहनों को मुफ्त यात्रा की छूट दो दिन तक मिलेगी। मुफ्त यात्रा की सुविधा दो दिन मिलेगी। सभी बसों को बस स्टैंड के अंदर से जाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार रात 12 बजे तक है निशुल्क सफर यात्रा के लिए बहनों को शून्य रुपये का टिकट दिया जाएगा। इसके लिए मशीनों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। बहनों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क सफर की सुविधा शुक्रवार रात 12 बजे तक है। एआरएम फोर्ट जयकरन सिंह ने बताया

कि सबसे ज्यादा बसें दिल्ली, नोएडा रूट पर हैं। इसके लिए बस स्टैंडों पर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। आगरा के आईएसबीटी, ईदगाह, फोर्ट व अन्य डिपो पर अलग–अलग समय में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नोएडा, बरेली, लखनऊ, फरीदाबाद, अलीगढ़, एटा, मैनपुरी आदि रूटों पर 24 घंटे बसें मिलेंगी। चालक और परिचालक की अलग–अलग समय में ड्यूटी लगाई गई है, ताकि संचालन प्रभावित न हो सके।

पुलिस कर्मियों की कलाई पर छात्राओं ने बांधी रेशम की डोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रक्षाबंधन को लेकर बहनों का उत्साह चरम पर है। भाई भी राखी बंधवाने को बेताब है। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों में मायूसी न हो इसके लिए बुधवार को अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की छात्राओं ने थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मियों के हाथों पर राखी बांधी। छोटी बहनों को पुलिस कर्मियों ने रक्षा का भरोसा देते हुए मिठाई खिलाकर उपहार भेंट किया। स्कूल की छात्राओं ने सुबह विद्यालय के प्राधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह से पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधने की मंशा जताई। प्रधानाध्यापक ने थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी से बातचीत कर बताया कि स्कूल की छात्राएं आप को और थाने के अन्य कर्मियों को राखी बाँधाना चाहती है तो उन्होंने थाना पर आवश्यक कार्यो का समाधान करने के बाद आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के साथ स्कूल पर पहुंचकर राखी बंधवाया। छात्राओं ने सबसे पहले थानाध्यक्ष के आरती उतारकर राखी बांधा। फिर तिलक लगाकर आशिर्वाद लिया। छात्राओं ने अन्य पुलिस कर्मियों को भी राखी बांधी। थानाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप निडर होकर पढ़ाई करे। किसी भी विपरीत परिस्थिति में पुलिस का

सहयोग ले। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से एक तरफ बच्चों में जहाँ रचनात्मकता का विकास होता है वही दूसरी तरफ इनके मनोबल में भी बृद्धि होती है। प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्षाबंधन खुशियों को लेकर आता है। भाई– बहन का यह त्योहार बहुत ही महत्वपूर्ण है। लेकिन पुलिस के जवान अपने कर्तव्य के प्रति ड्यूटी पर तैनात रहते है। पर्व पर उनकी उदासी दूर करने के लिए ही बहनों से राखी बांधी। इस अवसर पर दिनेश यादव, मंजू जैसवार, नेहा जायसवाल आराधना उपाध्याय श्यामधर यादव माधुरी सिंह मनोज कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

दिल्ली में मास्क लगाना फिर अनिवार्य : नहीं पहनने पर लगेगा 500 रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली ब्यूरो : दिल्ली में लगातार बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। अब सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर

500 रुपये जुर्माने का प्रावधान कर दिया गया है। प्राइवेट कार में सफर करते समय यह नियम लागू नहीं होगा। राजधानी में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 2,146 मामले सामने आए थे। इसके साथ ही आठ मरीजों की संक्रमण से मौत भी हुई है। राजधानी में संक्रमण दर 17.83 हो गई है। वहीं सक्रिय मरीजों की संख्या 8205 हो गई है। उधर, दिल्ली में तेजी से फैल रहे कोरोना के मामलों के पीछे ओमिक्रॉन का नया सब–वैरिएंट बीए 2.75 है। लोक नायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि ओमिक्रॉन का नया सब–वैरिएंट तेजी से लोगों को संक्रमित करता है। यह सब–वैरिएंट उनको भी संक्रमित कर सकता है, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन लगवाई है। हालांकि, इस मामले में अभी और जानकारी का इंतजार है। डॉ. सुरेश ने कहा कि कोरोना के मामले कम होने के साथ लोगों ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना कम कर दिया है। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें लक्षण कम गंभीर है। डायबिटीज, हार्ट, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों वाले लोगों के लिए काफी जोखिम उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी तक समाप्त नहीं हुआ है, तीन महीने पहले संक्रमित होने वाले लोग फिर से कोविड पॉजिटिव आ रहे हैं।

गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के पदाधिकारियों ने स्कूली बच्चों के साथ निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 'झण्डा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर दिनाँक 11–08–2022 को गोमती नगर जनकल्याण महासमिति एवं न्यू बाल भारती स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 500 बच्चों के साथ विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इसमें विद्यालय के सभी बच्चों एवं महासमिति के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं इस आयोजन को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में अलोक् मिश्रा,विनय कुमार जौहरी,प्रतिभा शाही,मनोज कुमार वर्मा डायरेक्टर न्यू बाल भारती स्कूल, संदीप राजपूत,नंदिनी मिश्रा, मनोज मिश्रा एवम आदि लोग उपस्थित रहे।

समाजसेवी राजेश ने रास्ता भटकी हुई लड़की को पहुंचाया अस्थाई महिला आश्रय गृह

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : समाजसेवी राजेश, जो कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर है , और जनपद में असहाय, लाचार, दुर्घटनाग्रस्त, अर्ध विक्षिप्त तथा विकलांग लोगों की सहायता कल्याण हेतु बहुचर्चित समाजसेवी हैं , इनको सूरज यादव नाम के व्यक्ति ने फोन करके बताया कि वाजिदपुर तिराहा के पास एक लड़की, जो एक पैर से विकलांग है, कहीं से भटक करके इधर उधर टहल रही है, जैसे ही समाज सेवी को पता लगा समाजसेवी तत्काल वहां पहुंच करके उस लड़की के बारे में जानकारी लेना चाहा लेकिन लड़की जानकारी देने में अक्षम थी वह कह रही थी मुझे कुछ याद नहीं है फिर समाजसेवी राजेश में रोडवेज स्थित एक होटल पर ले जा कर के उसको खाना खिलाया और फिर वहां से महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर फोन

कर के सारी स्थिति को अवगत कराया उसके बाद 112 नंबर की पुलिस आई वह लोग भी कुछ उस लड़की की मदद हेतु निर्णय लेने में अक्षम थे फिर उन्होंने महिला कॉन्स्टेबल से संपर्क करके उनको बुलाया और फिर उसको लाइन बाजार थाने पर ले जाया गया कानूनी प्रक्रिया के बाद उसको करंजकला ब्लॉक स्थित वन स्टॉप सेंटर ,अस्थाई महिला आश्रय गृह में रखा गया। इस अभियान में राम सजीवन मोदनवाल, हर्ष मोदनवाल और अभिषेक कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भाजपा ने बोला दिल्ली सरकार पर हमला : कहा– दिव्या से उनका राज्य पूछना उनका अपमान

नई दिल्ली ब्यूरो : कुश्ती खिलाड़ी दिव्या काकरान और दिल्ली सरकार में विवाद के बीच भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि यह नफरत की हद है कि देश का सम्मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी को खुद को साबित करने के लिए सबूत देने पड़ रहे हैं। शहजाद जयहिंद ने ट्वीट कर कहा, ''दिव्या की मदद करने की बजाय आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज लगातार उनका मजाक उड़ाते रहे। आम आदमी पार्टी ऐसे झूठ बोलती है और श्रेय लेती है लेकिन वास्तव में युवाओं का अपमान करती है।''उन्होंने आगे कहा, '' यह खिलाड़ियों, युवा और तिरंगे का अपमान है। चाहे वह स्टेडियम हो या जंग का मैदान, लोग हमेशा तिरंगे के सम्मान के लिए लड़ते हैं। कुश्ती खिलाड़ी दिव्या काकरान से पूछना कि वे कहां से हैं...। और सीएम केजरीवाल ने सौरभ भारद्वाज को मना भी नहीं किया।'' पुराना वाकया बताया उन्होंने आगे कहा, ''जिन खिलाड़ियों ने तिरंगे के सम्मान के लिए अपना जी जान लगाने का काम किया, उनको प्रांतों में बांटकर अपमानित करने का दुस्साहस आम आदमी पार्टी करती है। दिव्या काकरान जी ने 2018 में भी जब देश का मान, सम्मान बढ़ाने के कार्य किए थे, तब दिल्ली के मुख्यमंत्री जी ने उनके लिए

एक प्रोग्राम आयोजित किया था। उसमें दिव्या जी ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष कहा कि जब हम मेडल जीत जाते हैं तो बधाई मिल जाती है और जब हमें सहायता की जरूरत होती है तो आप तो फोन भी नहीं उठाते हैं। शहजाद जयहिंद ने इसके साथ दो तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिनमें एक दिव्या द्वारा पोस्ट की गई सर्टिफिकेट की तस्वीर है, जो उन्होंने दिल्ली की तरफ से खेलते हुए जीती। दूसरी तस्वीर 2018 की है, जो आम आदमी पार्टी के अपने ट्विटर हैंडल की पोस्ट का स्क्रीनशॉट है जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिव्या के दिल्ली आवास पर जाकर उनसे मिल रहे हैं। ये था मामला दरअसल, दिव्या काकरान के कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में कांस्य पदक जीतने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने उन्हें बधाई दी थी। दिव्या ने उनसे मदद के लिए निवेदन करते हुए कहा था कि वे दिल्ली के लिए खेलती हैं तो उनकी मदद की जाए। इस पर आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने उन्हें यूपी का बताया था, जिसके बाद दिव्या ने अपने सर्टिफिकेट पोस्ट करते हुए कहा था कि वे 2011 से 2017 तक दिल्ली के लिए खेली हैं।

जनपद के समस्त मदरसों में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा आजादी का अमृत महोत्सव

जौनपुर सू.वि. : स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव जनपद के समस्त मदरसों में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मदरसों में ''हर घर तिरंगा कार्यक्रम'' के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधिया यथा–प्रभात फेरी, झण्डा गीत, राष्ट्रभक्ती के गीतों का गायन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जा रहा है। ''स्वतंत्रता सप्ताह'' एवं ''हर घर तिरंगा कार्यक्रम'' के अन्तर्गत आज मदरसा जामिया मोमिना लिलबनात सिपाह एवं मदर आयशा चिल्ड्रेन एकडमी के छात्र/छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा/प्रभात फेरी निकाली गयी। तिरंगा यात्रा प्रातः 9.00 बजे मदरसा जामिया के परिसर से सिपाह होते हुए पुलिस चौकी सिपाह से गुजर कर वापसी सेन्ट पैट्रिक स्कूल के रास्ते मदरसे तक की गयी। प्रभात फेरी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी (कमलेश कुमार मौर्य), मदरसा प्रबन्धक अनवार अहमद काशमी मदरसे के प्रबन्ध समिति के सदस्य तथा मदरसे के समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए।

विश्वविद्यालय में निकली तिरंगा यात्रा : देशभक्ति नारों से गूंज उठा परिसर : पुरे उत्साह के साथ शामिल हुए विद्यार्थी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकली. तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए. तिरंगा यात्रा की शुरुआत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से हुई. यात्रा का नेतृत्व कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने किया। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर एकलव्य स्टेडियम से होते हुए वापस लौटी. मुक्तांगन में तिरंगा यात्रा के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि देश के तिरंगे को हाथों में लेने पर एक अलग तरह की अनुभूति होती है. हमारा तिरंगा भारत की एकता ,अखंडता और विविधता का प्रतीक है. हमारे सेनानियों ने तिरंगे में देश के भविष्य को देखा, सपनो को देखा और इसे कभी झुकने नहीं दिया. आजादी के ७५ वें वर्ष को पुरे जोश से मनाएं. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने उत्साहवर्धन

किया. नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने झंडा ऊँचा रहे हमारा,विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का गान किया. तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों से पूरा विश्वविद्यालय गूंजता रहा। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो ए. के. श्रीवास्तव, प्रो अजय द्विवेदी,प्रो रामनारायण, प्रो संदीप सिंह,प्रो प्रो रजनीश भास्कर, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ धीरेन्द्र,ए आर अजीत सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह ,दीपक सिंह, राम जी सिंह, पी के कौशिक, श्री नाथ यादव, स्वतंत्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए।

घरों पर तिरंगा फहराने हेतु जिलाधिकारी ने दिलाया संकल्प : हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करने निकाली तिरंगा रैली

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में चल रहे स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव के नेतृत्व में तिरंगा रैली स्थान बी0आर0पी0 इन्टर कालेज से निकाली गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों में जोश भरते हुए हर घरों में तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाया और कहा कि जनपद जौनपुर में साढ़े आठ लाख राष्ट्रीय ध्वज फहराने का लक्ष्य रखा गया है, उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील किया कि 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर झंडा जरुर फहराते हुए आजादी का जश्न मनाये। रैली को अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, रैली में आगे आगे माइक पर देशभक्ति तराना व गीत बजता चल रहा था तथा हजारों छात्र–छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी तिरंगा झंडा लिए नारा लगाते चल रहे थे और लोगों को हर घर तिरंगा फैहराने के लिए जागरुक व प्रेरित कर रहे थे, तिरंगा रैली रोडवेज तिराहा, ओलंदगंज, शाही पुल, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा होते हुए नगर पालिका परिषद मैदान तक गई। लोगों का स्वागत डीआईओएस नरेंद्र देव ने व आभार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

संतोष मिश्र ने व्यक्त किया। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। रैली में बीआरपी इन्टर कालेज, मोहम्मद हसन इन्टर कालेज, जनक कुमारी इन्टर कालेज, राजकीय बालिका इ0 का0, गुलाबी देवी बालिका इ. का., सरस्वती इ. का., नगर पालिका इ. का., राजा श्री कृष्ण दत्त इ. का. आदि के छात्र छात्राएं चल रहे थे। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव, प्रधानाचार्य डा सुभाष सिंह, डा जंग बहादुर सिंह, मोहम्मद नासिर खान, यातायात निरीक्षक जी डी शुक्ला, उदय राज सिंह, आदर्श वर्मा, संजय चौबे, रमेश सिंह, राजीव श्रीवास्तव, गजाधर राय, प्रकाश चन्द्र यादव, रिशी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

13 से 15 अगस्त तक मनाये जा रहे हर घर तिरंगा फहराना अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शासन की मंशा के अनुरुप 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाये जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक मनाये जा रहे हर घर तिरंगा फहराना अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से गुरुवार को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ की तरफ से भेजे गए एलईडी वाहन से जिले भर के लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हर घर तिरंगा को लेकर विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है उसी के क्रम में आज सूचना विभाग की एलईडी प्रचार वाहन को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए पहले से ही निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलन, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, मोहम्मद मुस्तफा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

फल की प्राप्ति तभी संभव है जब कर्मों का बीज बोया जाये, केवल सोचनें से फल नहीं मिलता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

ब्याज दर बढ़ाने की मजबूरी : आम आदमी की ढीली जेब और वैश्विक वित्तीय संकट

ब्याज दर बढ़ाकर मांग घटाना, और इस तरह से मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना सही समाधान नहीं है, क्योंकि आपूर्ति में आई कमी और रूस पर लगे प्रतिबंध से महंगाई बढ़ी है। फिर ब्याज दर बढ़ाने से उपभोक्ता तथा कॉरपोरेट, दोनों प्रभावित होंगे, और इसका अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

आज का वैश्विक वित्तीय संकट पहले के ऐसे संकटों से अलग है। वर्ष 1997 का संकट एशियाई मुद्राओं के ध्वस्त होने से पैदा हुआ था, तो वर्ष 2000 का संकट डॉटकॉम के अतिमूल्यांकित शेयरों के करेक्शन का नतीजा था, जबकि 2008 का संकट अमेरिकी सब–प्राइम संकट के कारण शुरू हुआ था। इन सबसे इतर वर्ष 2020 में स्वास्थ्य आपातकाल से वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आई। वर्ष 1918–1922 के स्पैनिश फ्लू के बाद पहली बार दुनिया को इतने बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ा।

दुनिया भर की सरकारों ने वर्ष 2008 के संकट से सबक सीखे हैं, जब वैश्विक वित्तीय संकट का हल न निकालने से लाखों नौकरियां गई थीं और अनेक कंपनियां दिवालिया हो गई थीं। लिहाजा वर्ष 2020 के आर्थिक संकट को देखते हुए सरकारों ने वित्तीय और मौद्रिक पैकेज जारी किए, साथ ही, सरकारों ने लोगों और व्यापारियों को सीधी मदद भी दी। नतीजतन वर्ष 1929 की महामंदी जैसी स्थिति होने के बावजूद महामारी के नियंत्रित होने के छह महीने के भीतर अर्थव्यवस्था को हुए घाटे की भरपाई हो गई।

पर नौकरी छूटने और आपूर्ति शृंखला के टूटने से व्यापक नुकसान हुआ। रेस्टोरेंट, पर्यटन, होटल और परिवहन जैसे क्षेत्रों को हुए घाटे की भरपाई आसान भी नहीं थी, नतीजतन इन क्षेत्रों में नुकसान की भरपाई असमान रही। फिर भी कोविड की पृष्ठभूमि में दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए जो वित्तीय और मौद्रिक पैकेज जारी किए गए, वे कई अर्थ में अभूतपूर्व थे। वर्ष 2020 में अलग–अलग देशों ने 190 खरब डॉलर और 2021 में 100 खरब डॉलर के पैकेज अपनी–अपनी अर्थव्यवस्थाओं के लिए जारी किए।

लॉकडाउन के दौरान विभिन्न उद्योगों और विभिन्न देशों में आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई। मांग घटने के कारण अनेक आपूर्तिकर्ता दिवालिया हो गए और उन्हें अपना कामकाज बंद करना पड़ा। आर्थिक भरपाई होने के बावजूद कंपनियों और उपभोक्ताओं ने पाया कि आपूर्ति कोविड से पहले के स्तर पर नहीं है। ऐसे में, आपूर्ति की तुलना में मांग बढ़ती चली गई। चूंकि सरकारों ने पहले ही उपभोक्ताओं का ध्यान रखते हुए अर्थव्यवस्थाओं में काफी पैसा झोंक रखा था, ऐसे में, मांग और आपूर्ति के असंतुलन से मुद्रास्फीति चिंतनीय स्तर पर बढ़ गई।

दुनिया भर की सरकारों और केंद्रीय बैंकों ने यह स्वीकार किया कि लॉकडाउन के दौरान मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के वैश्विक खिलाड़ी और आपूर्तिकर्ता वस्तुओं के उत्पादन और उनकी आपूर्ति करने में विफल रहे थे। मानो वही नुकसान काफी न रहा हो, विगत फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले, और उसके नतीजतन रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण खाद्य पदार्थ, उर्वरक और तेल की आपूर्ति नए सिरे से बाधित हुई। वर्ष 2021 में ज्यादातर लोग मुद्रास्फीति को अस्थायी बता रहे थे। लेकिन वर्ष 2022 में मुद्रास्फीति को स्थायी और चिंतनीय बताया जा रहा है।

ऐसे में, केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति भी उदार नीति से सख्त नीति में तब्दील हो गई है। केंद्रीय बैंक भी यह मान रहे हैं कि सख्त मौद्रिक नीति से रुकी पड़ी आपूर्ति शृंखला को दुरुस्त नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद वे मांग पर अंकुश लगाने के लिए ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस मामले में वैश्विक केंद्रीय बैंकों का अनुसरण करते हुए पहले मई में रेपो दर बढ़ाया, फिर इसमें दो बार और वृद्धि की। नतीजतन रेपो दर चार फीसदी से बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई है।

ब्याज दर बढ़ाकर मांग घटाना, और इस तरह से मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना सही समाधान नहीं है, क्योंकि आपूर्ति में आई कमी और रूस पर लगे प्रतिबंध से महंगाई बढ़ी है। फिर ब्याज दर बढ़ाने से उपभोक्ता तथा कॉरपोरेट, दोनों प्रभावित होंगे, और इसका अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। ब्याज दर बढ़ने से हाउसिंग लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन की किस्तें बढ़ी हैं, जिससे कर्ज लेने वालों पर बोझ बढ़ा है। केंद्र और राज्य सरकारें सबसे ज्यादा कर्ज लेती हैं।

रेपो रेट में वृद्धि से उनके लिए भी कर्ज लेना महंगा होगा, जिसका नतीजा वित्तीय घाटे में वृद्धि के रूप में सामने आएगा। इसके बावजूद केंद्रीय बैंकों के पास बढ़ती मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए रेपो दर में वृद्धि के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है। विगत एक अप्रैल से आठ अगस्त तक दुनिया भर में ब्याज दरों में 0.5 बेसिस पॉइंट से लेकर 50 बेसिस पॉइंट तक की कुल 86 वृद्धि हुई है।

ब्याज दरों में वृद्धि को भोथरा औजार माना जाता है, जो सरकारी वित्त को नुकसान पहुंचाता है, परिवारों के खर्च कर पाने की क्षमता में कमी करता है, साथ ही, नया निवेश कर पाने की कॉरपोरेट्स की क्षमता भी घटाता है। लेकिन 2020 और 2021 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी पैसा झोंकने और अमेरिका, यूरोप और एशिया के बड़े हिस्से में मुद्रास्फीति के 40 साल के शिखर पर पहुंच जाने के कारण केंद्रीय बैंकों पर सख्त मौद्रिक नीति अपनाने का भारी दबाव है।

वे आपूर्ति शृंखला के सुधरने तक इंतजार नहीं कर सकते। पर खतरा यह है कि सख्त मौद्रिक नीतियों का नतीजा अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के रूप में सामने आ सकता है। ऐसे में, केंद्रीय बैंकों के पास विकल्प बहुत सीमित हैं। या तो वे मुद्रास्फीति को बढ़ते देखते रहें या फिर उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता कम करके मांग कम करें और यह उम्मीद करें कि इससे आने वाले समय में मांग और आपूर्ति के बीच संगति बनेगी।

मुद्रास्फीति से गरीब वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है। अच्छी बात सिर्फ यह है कि बचत करने वालों और सेवानिवृत्त लोगों को सावधि जमा राशि का अच्छा रिटर्न मिलता है। डॉलर का महंगा होना भारत के लिए अतिरिक्त चिंता की बात है, क्योंकि इससे कच्चे तेल के आयात के साथ हमारी मुद्रास्फीति भी बढ़ेगी। ऐसे ही, अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी ब्याज दर बढ़ाएगा, तो अपनी मुद्राओं को सुरक्षित करने के लिए दूसरे देशों को भी ब्याज दरें बढ़ानी होंगी।

यहां फेडरल रिजर्व के पूर्व प्रमुख बेन बर्नानकी को उद्धृत किया जा सकता है, जिसने कहा था कि मौद्रिक नीति रामबाण नहीं है। अच्छे उद्देश्यों के लिए 2020 और 2021 में गलतियां की गई थीं। वैसी गलती इस साल भी होगी। गरीब इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। लेकिन इन सबसे बेअसर हम आगे बढ़ते जाएंगे, जैसे कि हमेशा ही बढ़ते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

हरदोई ।युवा मोर्चा द्वारा हरदोई नगर में गांधी मैदान से बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा शुरुआत के पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि हरदोई भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस दौरान उन्होंने संबोधन में कहा स्वतंत्रता दिवस की 75 वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके दौरान जागरूकता के लिए नगर में बाइक तिरंगा यात्रा निकली है उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि अपने घर पर 13 से 15 अगस्त के दिन तिरंगा अवश्य लगाएं इसी दौरान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा 75वी वर्षगांठ के उपलक्ष मे मनाए जा रहे हैं आजादी का अमृत महोत्सव हरदोई जनपद में 16 स्थानों पर एक साथ तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमें लोगों पर जागरूकता हर घर तिरंगा लगाया जाए। इस अवसर पर हरदोई के पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा जिला प्रचार मंत्री

संदीप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक भाजपा नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा जिला कार्यसमिति गुड्डन मिश्रा जिला कार्यालय प्रभारी वैभव श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह गोविंदा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश अवस्थी निशू नितेश सिंह गौरव गुप्ता नैमिष मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

11 से 17 अगस्त तक समस्त आफिस व कार्यालयों तथा घरों पर तिरंगा फहराये– जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने बताया है कि शासनादेश के अनुपालन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु झण्डा तैयार कराये जाने एवं आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक समस्त ग्राम पंचायतों एवं समस्त सरकारी/गैर सरकारी भवन/परिसरों तथा अन्य समस्त स्थानों पर तिरंगा झण्डा फहराये जाना निर्दिष्ट है इस हेतु उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 लखनऊ द्वारा 8 अगस्त को कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी को झण्डा उपलब्ध कराया गया है। जिसे समस्त सम्बंधित अधिकारी डीपीआरओ/सचिव नोडल हर घर तिरंगा कार्यक्रम से सम्पर्क स्थापित कर अपने अधीनस्थ समस्त सम्बंधित को झण्डा वितरित कराया जाना है। जिलाधिकारी ने बताया है कि इस हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों को उनके द्वारा नोडल नामित करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक समस्त ग्राम पंचायतों एवं समस्त सरकारी/गैर सरकारी जैसे पुलिस लाइन पुलिस थाना पुलिस चौकी कारागार कृषि विज्ञान केन्द्र उद्यान मत्स्य परिक्षेत्र मण्डी परिषद सरकरी सहकारी समितिया पशु चिकित्सालय राजकीय अतिथि गृह स्टेडियम पार्क चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य

केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृत सरोवर पंचायत भवन विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान बस/मेट्रो/रेलवे स्टेशन जन सुविधा केन्द्र राशन की दुकानों होटल रेस्टोरेन्ट सिनेमा हाल शापिंग काम्पलेक्स आदि स्थानों पर तिरंगा झण्डा फहराये जाने हेतु आदेशित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त कार्यालयाध्यक्ष डीपीआरओ से सम्पर्क स्थापित कर अपने अधीनस्थ सभी सम्बंधित को झण्डा वितरित कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में एक निश्चित समय सीमा एवं कार्यक्रमबद्ध के भीतर किया जाना है। अतः इसमें अपने स्तर से किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

तकनीकी समस्या के बाद नगर पंचायत उनवल में टेंडर प्रक्रिया स्थगित : एडीएम (प्रशासन)

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की पहली ही कैबिनेट बैठक में उनवल उर्फ संग्रामपुर को नगर पंचायत का दर्जा दे दिया था। इसके के बाद 3 जनवरी 2019 को उनवल के नगर पंचायत भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने उनवल भी पहुंचे थे। बताते चलें कि लगभग साढ़े चार साल से ज्यादा का समय हो जाने के बावजूद न तो उनवल का नगर पंचायत कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हुआ और न ही उनवल को जलजमाव से मुक्ति मिल पायी। वर्तमान में नगर पंचायत उनवल के कई क्षेत्रों में लोग जलजमाव की समस्या से परेशान हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर निषाद का कहना है नगर पंचायत क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति पहले से बेहतर हुई है कुछ काम हो रहा है कुछ कामों का टेंडर प्रक्रिया में है जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा। वही दूसरी ओर विकास कार्यों व अन्य कामों के लिए टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी समस्या की शिकायत के बाद टेंडर के स्थगित होने की सूचना मिली है । इस संबंध में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि मीटिंग चल रही है संभवत टेंडर निरस्त कर दिया जाए। वही जब इस संबंध में निकाय प्रभारी का दायित्व संभाल रहे एडीएम प्रशासन ने दूरभाष पर बताया कि उनवल में टेंडर की साइट में कुछ तकनीकी समस्या की जानकारी मिली है और इसको देखते हुए टेंडर निरस्त कर दिया गया है जबकि बांसगांव नगर पंचायत के टेंडर को लेकर टेंडर कमेटी जांच कर रही है जिसकी रिपोर्ट 2 दिन में मिल जाएगी। बहरहाल योगी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में उनवल को नगर पंचायत का दर्जा मिला और सीएम ने पर्याप्त धन भी आवंटित किया लेकिन नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद भी उनवल में विकास की गति बहुत धीमी रही है। अब देखना यह है कि उनवल नगर पंचायत कार्यालय कब तक अपने नए भवन में शिफ्ट होता है और यहां विकास कार्यों की रफ्तार को गति कब मिलती है।

हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के बाद कार्यालय पर चला बुलडोजर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अखिलेश यादव उर्फ भोला रेलवे की संपत्ति पर कब्जा बनाकर अपना ऑफिस बना रखा था पीपीगंज के ही व्यापारी भाइयों ने साफ सफाई करने लगा तो उनको मार पिट कर घायल कर फरार हो गए पीपीगंज थाने में भोला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया भोला के खिलाफ पीपीगंज थाने में लगभग 42 मुकदमा पंजीकृत हैं जो थाने का हिस्ट्रीशीटर है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने 20000 इनाम की घोषणा की थी जिसे पीपीगंज पुलिस व एसओजी टीम ने बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। पीपीगंज थाने का इनामी हिस्ट्रीशीटर अखिलेश उर्फ भोला यादव की गिरफ्तारी के बाद बुधवार दोपहर को उसके अवैध कार्यालय पर रेलवे ने बुलडोजर चलाया। उसने पीपीगंज रेलवे परिसर में अतिक्रमण करके अपना कार्यालय बनाया हुआ था। पीपीगंज में व्यापारी भाइयों की सरेआम बेरहमी से पिटाई करने वाले हिस्ट्रीशीटर अखिलेश उर्फ भोला यादव को मंगलवार की रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह बस्ती में छिपा था। पुलिस ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम रखा था। आरोपित पर मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही पुलिस उसकी कुंडली खंगाल रही थी। बुधवार को रेलवे प्रशासन ने पीपीगंज रेलवे स्टेशन के सामने बनाए गए उसके कार्यालय को ढहा दिया। उसका कार्यालय रेलवे की भूमि में बनाया गया था। उसके साथ ही साथ रेलवे परिसर में अतिक्रमण करने वाले कुछ और लोगों के भी मकान ढहाए गए हैं। बता दें मंगलवा को ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर ने दावा किया था जल्द भोला की गिरफ्तारी होगी। हालांकि एसओजी टीम ने रात में ही उसे बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। बता दें बीते छह अगस्त को अखिलेश उर्फ भोला यादव ने पीपीगंज कस्बे में व्यापारी रमेश कुमार व उनके भाई अशोक कुमार को बेरहमी से मार पीट कर हाथ तोड़ दिया था। उनकी मां उन्हें बचाने गईं तो आरोपित ने उन्हें भी पीटा। घटना के बाद से ही पुलिस भोला की तलाश में जुटी हुई थी। तीन दिन बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो गोरखपुर पुलिस ने उस पर पुरस्कार घोषित कर दिया। भोला वर्तमान में सहजनवां थाने के भिटहा में रहता है। घटना के बाद से ही वह फरार था। वह बस्ती में छिपा हुआ था। एसओजी को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था।

खालसा इंटर कॉलेज द्वारा तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रदेश व देश में देश प्रेम व देश भक्ति की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा आयोजन को पूरे प्रदेश में भव्य रूप से मनाए जाने के क्रम में खालसा इंटर कॉलेज द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। खालसा इंटर कॉलेज के प्रबन्धक एवं लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा एवम् लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रवक्ता स.सतपाल सिंह मीत ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) लहराकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। कॉलेज प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह, उप प्रधानाचार्य नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में एनसीसी केडेट्स, स्काउट्स गाइड्स एवं कॉलेज के छात्र हाथों में तिरंगा लेकर जोश व उत्साह के साथ '' भारत माता की जय एवं '' देश के अमर शहीदों की जय '' के उद्घोष के साथ कॉलेज के एनसीसी केडेट्स द्वारा बजाई जा रही बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए ध्वज को पूरा सम्मान देकर चल रहे थे। इतना ही नहीं तिरंगा यात्रा को मार्ग से गुजरने वाले आम लोगों ने भी सैल्यूट कर सम्मान दिया एवं छात्रों के देश भक्ति से ओतप्रोत उद्घोष में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा नाका कोतवाली, पान दरीबा

,सब्जी मण्डी, मोहन होटल, बांसमंडी चौराहे से होती हुई कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा से पूर्व छात्रों को शिक्षक वीके श्रीवास्तव एवम् रामलाल जी ने संबोधित कर देश की आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान पर प्रकाश डाला। शिक्षिका श्रीमती गायत्री औझा एवम् श्रीमती अलका रॉय के निर्देशन में कॉलेज के छात्रों ने झंडा गीत का सस्वर गायन किया। गुरुवार को कॉलेज में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल हुए। प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आजादी का 75 वा वर्ष अमर बलिदानियों की गौरव गाथा देश को प्रेरित करता है –धीरज गुर्जर

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : आजादी के 75वें वर्ष में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रव्यापी आजादी की गौरव यात्रा आज महानगर स्थित गोल मार्किट से विकासनगर स्थित गुलाचीन मंदिर पर समाप्त हुई राजस्थान सरकार के मंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी श्री धीरज गुर्जर के नेतृत्व में यात्रा में आजादी के ज्ञात व अज्ञात अमर बलिदानियों के गौरव पूर्ण इतिहास को याद किया गया यात्रा के समापन गुलाचीन मंदिर पर राष्ट्रीय सचिव श्री धीरज गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष में अमर बलिदानियों का संघर्ष उनकी गौरवगाथा से देश आज भी प्रेरणा लेता है, देश का संविधान, संवैधानिक संस्थाएं व लोकतंत्र को गहरा खतरा सत्ताधारी दल की नीतियों के कारण उत्पन्न होता जा रहा जिसकी रक्षा के लिये कांग्रेस कटिबद्ध है। गुर्जर ने कहा 9 अगस्त की तारीख भारतीय इतिहास में आजादी कि निर्णायक संघर्ष वह तारीख है जब कांग्रेस के आंदोलन ने आंग्रेजो को देश छोड़ने के लिये विवश किया उस समय भी देश विरोधी ताकतों ने आंग्रेजो से भारत न छोड़ने की अपील की थी जिनकी विचारधारा राष्ट्रध्वज तिरंगे के नमन की नही थी वह देशवासियों को देशभक्ति मत सिखाये,उंन्होने कहा कि संविधान,संवैधानिक संस्थाए लोकतंत्र को मटियामेट करने की कोशिश करने वालो ने बिगड़ी कानून व्यवस्था, महंगाई बिगड़ती अर्थव्यवस्था से मुह मोड़कर जनता से छल करने के अतिरिक्त कुछ नही कर पायी जनता के कष्टों को कांग्रेस समझती है उसके लिये वह संघर्ष के मार्ग पर चल रही है। कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि कांग्रेस की आजादी गौरव यात्रा में नेताओं, कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह रहा यात्रा मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम व अमर बलिदानियों के नाम का जयघोष होता रहा। यात्रा का आरंभ राजस्थान सरकार के मंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी माननीय श्री धीरज गुर्जर जी द्वारा निशातगंज गोल मार्केट स्थित चन्द्रशेखर पार्क में वीर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुई यात्रा वायरलेस चौराहा, रहीम नगर, खुर्रम नगर से विकासनगर गुलाचीन मंदिर पर समाप्त हुई और रास्ते भर आम जनता ने भी

यात्रा का भरपूर स्वागत किया। यात्रा के दौरान ध्वजवाहक की भूमिका में सेवादल के जोन अध्यक्ष राजेश सिंह काली रहे। उक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं सह प्रभारी उ0प्र0 श्री धीरज गुर्जर, मीडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, डॉ0 मसूद अहमद, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, सतीश अजमानी, अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, शिव पाण्डेय, सैफ अली नकवी, प्रदेश सचिव शाहनवाज मंगल आजमी, प्रदीप कनौजिया, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सिंह, ललन कुमार, पंकज तिवारी, संजय सिंह, विकास श्रीवास्तव, विशाल राजपूत, प्रियंका गुप्ता, रफत फातिमा, मुकेश सिंह चौहान, ममता चौधरी, अनस रहमान, राजेश सिंह काली, वीरेन्द्र मदान, संपूर्णानंद मिश्रा, नईम सिद्दीकी, डॉ0 जियाराम वर्मा, संजय शर्मा, शहनवाज आलम, मनोज यादव, अनुसुईया शर्मा, कुलदीप चौधरी, नीरज तिवारी, राकेश पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, परवीन साबरा, खातून, विभा त्रिपाठी, डा0 ऋचा कौशिक, सिद्धी श्री, सुधा मिश्रा, किरन शर्मा, पिन्टू शुक्ला, रूद्रदमन सिंह बब्लू, शहाना सिद्दीकी, मनोज तिवारी, जयचंद पटेल, प्रभाकर मिश्रा, आलेख पाण्डेय, के0 के0 शुक्ला, शैलेन्द्र तिवारी, भीष्म कुमार अन्नू, सोम विकल, शुभम सिंह, संदीप पाल, बंशीधर मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, अर्जुन श्रीवास्तव, सहित जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठीए शहर अध्यक्ष दिलप्रीत सिह डीपी व अजय श्रीवास्तव अज्जू भी मौजूद रहे।

7 दिनों से आमरण अनशन बैठे सौरभ द्विवेदी की माग हुई पूरी : अनसन टूटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सबका साथ सबका विकाश सबको न्याय देने का वादा करने वाली सरकार में उनके ही लोगो को न्याय पाने के लिये आमरण अनसन करना पड़ा है। जहां प्रदेश की योगी सरकार भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी तरफ जौनपुर में भूमाफिया इस कदर हावी है कि सरकारी आदेश के बाद भी बाउंड्री वाल गिरा दिया।इस संबंध में पीड़ित सौरभ दिवेदी द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखते हुए प्रार्धना पत्र देते हुआ कहा कि यदि उनके प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं होती तो वह आमरण अनशन पर कलेक्टर परिसर में बैठेगे।इसी क्रम में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से क्षुब्ध पीड़ित कलेक्ट्रेट परिसर आमरण अनशन पर बैठ गए है।अनसन के सातवे दिन अनसन स्थल पर पहुचे राष्ट्रीय मुख्य संयोजक रवि चाणक्य घटना को संज्ञान में लेते हुए जौनपुर पहुंचे जहां उन्होंने जिले के आला अधिकारियों से बातचीत कर जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी केराकत माज अख्तर व क्षेत्राधिकारी सदर जितेंद्र दुबे ने मौके पर पहुँचकर पीड़ित हालचाल जाना। और उन्हें पूरी तरह से अग्रिम

कार्रवाई करने के लिए शासन द्वारा आश्वस्त किया ।इस मौके पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रांत सगंठन मंत्री डाक्टर संजय पाण्डेय प्रांतीय महामंत्री व जिला प्रभारी राजेश श्रीवास्तव राष्ट्रीय सगंठन महामंत्री दिलिप सिंह सहित अधिवक्ता मचं के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विन त्रिवेदी व कानपुर प्रांत के बरिष्ठ पदाधिकारी धरम जी जिले के तमाम कार्यकर्ताओं के आगे जिला प्रसाशन को घुटने टेकने पर मजबूर हुआ। जिले के समस्त कार्यकर्ता ओम् प्रकाश गुप्ता , नरेन्द्र मौर्य दीपक श्रीवास्तव पत्रकार प्रभारी मीडिया सेल ,संदीप श्रीवास्तव पत्रकार , राम नगीना यादव जी, चंद मणि पाण्डेय जी, मुन्ना मिश्रा जी, संतोष श्रीवास्तव जी, कृपा शंकर सिंह आदि लोग मौजद रहे।

राष्ट्रध्वज तिरंगा देश के शौर्य शांति और बलिदान का प्रतीक है –पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा संघठन ने युवा मोर्चा के नेतृत्व मे बुधवार को टीडी कालेज के मैदान से मोटर साइकिल जुलूस के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का समापन नगरपालिका मैदान पर हुआ। टीटी कॉलेज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ वहां से निकल कर जेसीज चौराहा से रोडवेज होते हुए कलेक्ट्रेट चौराहा से होते हुए अंबेडकर चौराहा पर पहुँची जहां पर जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को मल्यार्पण किये उसके बाद गांधी तिराहा पर पहुंची वहां भी गाँधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ उसके पश्चात जुलूस लाइन बाजार से होते हुए पालिटेक्निक चौराहा से होते हुये ऑलंदगंज पहुंची ।वहां से चहारसु चौराहा से होते कोतवाली, ईशापुर होते हुये भण्डारी स्टेशन से होते हुये सुतहत्ती होते हुये नगरपालिका मे समापन हुआ। वहा पर ऊपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि हमारे आन, मान और शान का प्रतीक भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा देश के शौर्य, शांति और बलिदान का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आह्वान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर आजादी के अमृत महोत्सव में भागीदारी बनें और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जुड़ें। लोगों में इसी जागरूकता को पैदा करने के लिये भाजपा के

कार्यकर्ता विभिन्न आयोजन कर रहे है। आजादी के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर, हर कार्यालय, हर प्रतिष्ठित संस्थान, हर स्कूल–कॉलेज में तिरंगा फहराएं और देश की शान बढ़ाएं। उक्त अवसर पर राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, विधायक बदलापूर रमेश चंद्र मिश्रा, सरकार सभा सदस्य सीमा द्विवेदी, बृजेश सिंह प्रिंशू, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा,पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार सिंघानिया, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, ओमप्रकाश निषाद, संदीप सरोज, जिला मंत्री रविंद्र सिंह राजू दादा, अवधेश यादव, उमाशंकर सिंह, प्रमोद यादव, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, आमोद सिंह,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ राय, रोहन सिंह, ब्लाक प्रमुख गण सुनील यादव, बृजेश यादव, विजय सिंह विद्यार्थी, उमेश तिवारी, धीरू सिंह, सजल् सिंह, शिवगोविंद साहू, श्रीप्रकाश शुक्ला, श्यामबाबू यादव, शरस गौड़, संजीव शर्मा, नरेन्द्र उपाध्याय, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, आदि उपस्थित रहे।

समोधपुर पी.जी. कालेज में तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पी.जी .कालेज समोधपुर में प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू एवं प्राचार्य प्रोफेसर बी. के. निर्मल के संरक्षकत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा जागरूकता

हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों,कर्मचारियों, छात्रों, एन.एस.एस,रोवर्स–रेंजर्स के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से जमौली गांव तक निकाली गई ।छात्रों को संबोधित करते हुए समन्वयक, एनएसएस, एवं संयोजक आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा डॉ राकेश कुमार यादव ने देश की आजादी में शहीद हुए वीर सेनानियों को याद करते हुए छात्रों का आह्वान किया कि 11 अगस्त से 17अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक हम सभी को मनाना है और अपने घरों पर तिरंगा फहराने के साथ लोगों को प्रेरित करना है कि वे भी आजादी के अमृत महोत्सव में अपने घरों पर झण्डा फहराकर उन वीर सपूतों को याद करें जिनकी बदौलत देश आजाद है ।प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह ने छात्रों को आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए कहा ।डॉ अरविंद कुमार सिंह ने छात्रों को आजादी के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ अवधेश कुमार मिश्र ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन ने किया।।छात्रों ने भारत माता की जय,वन्दे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा,हर घर तिरंगा का उद्घोष करते हुए माहौल को देश भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉक्टर नीलमणि सिंह, डॉ पंकज सिंह, डॉ लालमणि प्रजापति ,डॉ अविनाश वर्मा,कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंद्रबहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह नीलम सिंह, विकास कुमार यादव, आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कम्पोजिट विद्यालय सिद्दीकपुर करंजाकला के शिक्षकों व छात्रों द्वारा प्रभातफेरी कर हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के 75वे स्वर्णिम वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में कम्पोजिट विद्यालय सिद्दीकपुर में सहायक अध्यापक इंदुप्रकाश यादव, मनभावती वर्मा , मधुलता यादव , विजय नन्दिनी , कादम्बरी कुशवाहा , सोनम सिंह व बच्चों तथा अभिभावकों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई तथा यह संकल्प लिया गया हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा का कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल हो।

हाथ में तिरंगा लेकर निकल पड़े एसडीएम खजनी : लगे राष्ट्र को समर्पित नारे

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव का जोरदार आगाज हुआ ।इस दौरान एसडीएम सिद्धार्थ पाठक के नेतृत्व में देशभक्तों का काफिला गुरुवार दोपहर तहसील प्रांगण से निकल पड़ा। एसडीएम सिद्धार्थ पाठक के साथ तहसील कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली गई ।कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। एसडीएम सिद्धार्थ पाठक ने कहा आजादी का अमृत महोत्सव शहीद वीर सपूतों से जुड़ा है ।इसमें वीर शहीदों ने लोगों के मन में स्वतंत्रता की भावना पैदा करने में बड़ी भूमिका निभाई ।एसडीएम के साथ कर्मचारियों का काफिला पैदल चल रहा था। लोग अपने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे ।अंत में तिरंगा यात्रा का समापन तहसील प्रांगण में किया

गया ।तिरंगा यात्रा में शामिल समस्तकर्मचारी गण व अधिवक्ता बंधु शामिल रहे।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ में आज दिनांक 11 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ' किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर विंग, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में माननीय राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा (उत्तर प्रदेश) श्रीमती रजनी तिवारी उपस्थित रहीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी, प्राचार्य,बी एस एन वी पीजी कॉलेज, लखनऊ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की । कार्यक्रम का संचालन मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। कार्यक्रम का आरंभ समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट कीर्ति मिश्रा द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया । इसके पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को प्रशस्ति चिन्ह एवं पौध भेंट किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कु यशप्रिया श्रीवास्तव ने रंग दे बसंती चोला गीत प्रस्तुत करके पूरे माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट श्रुति तिवारी, खुशी सिंह, गरिमा बाजपेई, रूपा दिक्षित, दीपाली तिवारी, खुशी कनौजिया, प्रियांशी श्रीवास्तव, सौम्या, दर्शनी सिंह, राबिया खातून, शिवानी चौधरी के ग्रुप ने बेहतरीन सामंजस्य का परिचय देते हुए पिरामिड फॉर्मेशन का प्रदर्शन किया। अंतिम नृत्य प्रस्तुति मैं कैडेट स्वाति त्रिपाठी, अंजली राय,नंदिनी सिंह, ज्योति उपाध्याय, रिशिता सिंह तथा वर्षा यादव ने देश भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें कैडेट वसुंधरा गंगवार, सगलगुन कौर और दीपांशी निगम ने तिरंगे के साथ सलामी के प्रस्तुतीकरण से कार्यक्रम को और उत्कृष्ट बना दिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कैडेट सौम्या भंडारी ने किया। मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा आज हम 75 वां स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने जा रहे हैं और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का संकल्प है कि हर घर तिरंगा फैलाकर हमारे आने वाली पीढ़ी को भी पता चलेगा और वो राष्ट्रध्वज के महत्व को समझेंगे और जन–जन में राष्ट्रीय भावना का विकास करने में सहायक सिद्ध होगी विविधता में एकता की ताकत वाला हमारा यह भारत सबसे अलग सबसे निराला है और युवा पीढ़ी को इस अभियान से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वही हमारे देश की दशा और दिशा बदलने में मददगार होंगे ‍ युवाओं में जोश एवं ऊर्जा का अथाह भंडार है इसे सही दिशा देने का कार्य शैक्षिक संस्थान बखूबी निभा सकते हैं और नवयुग कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित आज का यह कार्यक्रम इस दिशा में एक सफल प्रयास है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा यद्यपि आजादी का अमृत महोत्सव शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रम तो है किंतु यह स्व प्रेरित भी होना चाहिए लहराते तिरंगे को देख कर मन में अलग देश भक्ति का भाव भी जागृत होता है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव के

अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम सभी समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अशिक्षा बेरोजगारी गरीबी का पूर्णता उन्मूलन कर देश को एक नई दिशा प्रदान करें ,यही वास्तविक आजादी होगी अपने वक्तव्य में उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदन मोहन मालवीय के शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान को भी याद दिलाया। तिरंगे का सम्मान हम सब की जिम्मेदारी है। मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने संचालन करते हुए कहा कि –आजादी की लड़ाई मूल्यवान और अर्थवान संकल्पों के साथ लड़ी गई थी जिस का संरक्षण करने का दायित्व हम सभी का है आजादी के इस महोत्सव का उद्देश्य सम्पूर्ण देश में जन अभियान चलाकर हर एक व्यक्ति को इस अभियान से जोड़कर उनमें विभिन्न तरीकों से देशभक्ति की भावनाओं को जागृत करना है। भारत ने बीते 75 सालों में क्या खोया,क्या पाया तथा आने वाले 25 वर्षों, जिन्हें अमृत काल माना जा रहा है, उसकी रूपरेखा भी तैयार की जा रही है ‍ तिरंगे के सम्मान में कहा–तीन रंग का नहीं वस्त्र यह ध्वज देश की शान है। हम भारतीय के दिलों का स्वाभिमान है यही है गंगा,यही है हिमालय, यही हिंद की जान है और तीन रंगों में रंगा हुआ यह अपना हिंदुस्तान है कार्यक्रम में आजादी के अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान को समर्पित आयोजित प्रतियोगिताओं की विजयी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी गौतम द्वितीय आकांक्षा पाल तृतीय रिचा कश्यप पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अमीषा यादव वित्तीय प्रिया वर्मा तृतीय तनुश्री सिंह एवं सांत्वना प्रिया गुप्ता बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम कैडेट खुशी कनौजिया द्वितीय कैडेट नंदिनी सिंह तृतीय कैडेट हफशां अफरोज सांत्वना रिशिता सिंह प्रदान किया गया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया सिंह द्वितीय सपना गुप्ता तृतीय शिवानी शर्मा कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं, प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों को तिरंगे वितरित किए गए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नेहा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना द्विवेदी,डॉ नेहा अग्रवाल, डा. प्रतिमा घोष, डॉ ऐश्वर्या सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता डॉ सीमा पांडे और आयशा वहीद तथा समाजशास्त्र प्रवक्ता डॉ अभा दुबे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय की प्रवक्तागण, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेविकाएं तथा गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवीन संस्था को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने हेतु समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में संचालित (पूर्वदशम कक्षा 9–10) समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत किया जाता है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022–23 पूर्वदशम् कक्षा 9–10 समस्त शिक्षण संस्थाओ को सूचित किया है कि एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत नवीन संस्था को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने के लिए समय–सारिणी निर्गत की गयी है। मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मलित होने के लिए आनलाइन आवदेन करने की कार्यवाही किया जाना, विद्यालय निरीक्षक के समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरांत पासवर्ड प्राप्त करना एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर अपलोड करके प्रमाणित करने की तिथि 20 जुलाई से 16 अगस्त 2022, छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किया जाने की तिथि 02 जुलाई से 07 अक्टूबर 2022, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन हार्डकापी समस्त वाछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किये जाने की तिथि 14 अक्टूबर 2022 तक, आनलाइन आवेदन पत्र में छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करने की तिथि 05 नवंबर से 15 नवंबर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करते हुए वांछित संलग्नको सहित हार्डकापी 18 नवम्बर 2022 तक, छात्र–छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करते हुए वार्षिक संलग्न को सहित हार्ड कॉपी शिक्षण संस्था में जमा किया जाने की तिथि 18 नवंबर 2022 तक, त्रुटियों को ठीक करके छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों का विद्यालय द्वारा 07 नवम्बर 2022 से 24 नवम्बर 2022 तक है। उन्होंने समस्त विद्यालयों को अवगत कराया है कि उपरोक्त समय–सारिणी में दी गई व्यवस्था के अनुसार अपने–अपने विद्यालयों में समयबद्ध ढंग से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

अज्ञात बोलेरो की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग जख्मी

रिपोर्ट अजय सिंह सीतापुर : तालगांव सीतापुर लहरपुर सीतापुर रोड पर धो धी गांव के निकट अज्ञात बोलेरो की जोरदार टक्कर मारने से यूपी 34

बी सी 6961 मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए जो ऊंचा खेर सरैया थाना तालगांव के संतोष शांति एवं कांति अपनी मोटरसाइकिल से निकल रहे थे सभी पीछे से आकर बोलेरो नहीं जोरदार टक्कर मार दी जिससे यह लोग गिरकर घायल हो गए अज्ञात बोलेरो चालक बोलोरो लेकर भाग निकला।

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा निकली गयी तिरंगा यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के 75वे वर्ष के भारत सरकार द्वारा मनाएं जा रहे अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर द्वारा आयोजित किया गया।,ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।संस्था के अध्यक्ष शकील अहमद और जिला महामंत्री दिवाकर सिंह ने ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश द्विवेदी ,ड्रग बाबू सुहैल और काफी संख्या में दवा दुकानदारों के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया ।तिरंगा यात्रा जोरदार ढंग से वन्देमातरम का जयघोष करते हुए ओलंदगंज ,जहांगीराबाद, गुलरघाट से होते हुए संस्था के स्थानीय कार्यालय दिवाकर मेडिकल स्टोर तक संपन्न हुआ ।दिवाकर मेडिकल स्टोर पर संस्था द्वारा दवा दुकानदारों को तिरंगा वितरण किया गया,प्रत्येक दुकानदार को दुकान एवं घर पर तिरंगा लगाने निर्देश दिया गया ।काफी संख्या में लोग उल्हासित एवं संयमित हो कर सम्मान पूर्वक तिरंगा ग्रहण कर रहे

थे ।कार्यक्रम में संरक्षक श्री राजेश सिंह चेयरमैन अखिलेश श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष बंशीधर मौर्य,श्याम सिंह,आशुतोष सिंह,महेश पांडे,सुनील गुप्ता प्रशांत मौर्य,प्रेम चंद जायसवाल, रामआसरे,आनंद साहू,ध्रुव बाबू ,सुजीत सिंह के अलावा काफी संख्या में दवा दुकान दार उपस्थित रहे। अखिलेश प्रजापति के देख रेख में झंडे का वितरण सुचारू किया गया।

प्रभात फेरी लगाकर बच्चों ने बढ़ाया तिरंगे का मान

रिपोर्ट अजय सिंह सीतापुर : परसेंडी सीतापुर ग्राम पंचायत मदनापुर के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज नारायण यादव सहायक अध्यापक राजकुमार सहायक अध्यापक राहुल अग्रवाल शिक्षामित्र विजय सिंह शिक्षामित्र मधुबाला सिंह ने अपने विद्यालय के बच्चों को तिरंगे झंडे के साथ गांव में भ्रमण कराकर हर घर झंडा हर घर तिरंगा के साथ प्रभात फेरी निकाली 15 अगस्त के पावन पर्व पर पूरे जोर–शोर के साथ बच्चों के द्वारा तैयारियां की जा रही हैं राष्ट्रगान राष्ट्रगीत गा कर जोरदार नारे लगाए झंडा ऊंचा रहे हमारा प्रधानाध्यापक राज नारायण यादव के द्वारा 15 अगस्त के बारे में बच्चों को विधिवत जानकारी उपलब्ध कराइ बच्चों के द्वारा अपने अपने घरों पर झंडा लहराया गया।

सामाजिक संगठन संगत पंगत ने अमर शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर एक गोष्ठी का किया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक संगठन संगत पंगत ने आज देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया के आवास पर सम्पन हुआ ।जिसमें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया संचालन महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संगत पंगत के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव पप्पू जी पूर्व ऑडिट ऑफिसर ने कहा कि वो उम्र जब एक युवा अपने करियर और आने वाले भविष्य को लेकर परेशान रहता है, उस उम्र में एक ऐसा क्रांतिकारी निकला जो देश की आजादी के लिये अंग्रेजों से लड़ते हुए सूली पर चढ़ गया. महज 18 साल की उम्र में देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले खुदीराम बोस को 1908 में 11 अगस्त को मुजफ्फरपुर के कारगार में अंग्रेजों ने फांसी दे दिया था। प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि खुदीराम बोस ने फांसी से पहले उन्होंने ऊंची आवाज में ब्रिटिश साम्राज्यवाद मुर्दाबाद का नारा लगाया और हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। अध्यक्ष संगत पंगत ने कहा कि आज के नवजवानों को उनके हिम्मत और जजबे को अपना आदर्श बनाना चाहिये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार व उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव पत्रकार ने कहा कि संगत पंगत देश के लिए शहीद हुए लोगो को बराबर याद करती हैं और करती रहेगी। उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव व आतिश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज के अनेक कुलगौरव ने हमेशा देशहित के लिए कार्य किया है और करता रहेगा। गोष्ठी में उपाध्यक्ष अनुपम श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव औरही, अनिल श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव आतिश श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट विजय श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव अर्पित श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

खजनी कस्बे में पुलिस अधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी कस्बे में गुरुवार दोपहर सीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाने के सभी स्टाफ अपने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकाली ।वह सभी लोग खजनी तिराहे से राम

मार्ग के रास्ते डॉव सीबी सिंह गली होते हुए पूरे कस्बे में पैदल भ्रमण किया ।वे लोग भ्रमण के दौरान राष्ट्र के नारे लगा रहे थे ।सीओ अनिल कुमार सिंह ने क्षेत्रीय लोगो व व्यापारियों से जीवन में सदैव राष्ट्र व राष्टध्वज के प्रति समर्पण की भावना पैदा करने की अपील की। तिरंगा यात्रा में प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद, एसएसआई दिनेश कुमार सिंह, जयप्रकाश तिवारी, प्रसून पांडेय, दीक्षा शुक्ला, सत्यम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सप्ताह का विधिवत शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ आज आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 75 लोग 75 तिरंगे 75 संकल्प के साथ बहुत ही भव्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्रावधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा थे। प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा ने हर घर तिरंगा स्वतंत्रता सप्ताह के महाउत्सव पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मेरा गांव मेरा तीर्थ है। ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें एवं शैक्षणिक संस्थान राष्ट्र निर्माण में क्या योगदान दे सकते है, इस पर सदैव हमें सोचना चाहिए ध। यह देश की सबसे बड़ी सेवा होगी। कार्यक्रम के शुभारंभ में महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलपति प्रो. भानू प्रताप सिंह ने प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा को पौधा भेंट करते हुए उनका स्वागत किया और हर घर तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डाला। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलसचिव, प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। महर्षि यूनिवर्सिटी के अधिष्ठाता शैक्षणिक, डॉ. सपना अस्थाना ने मुख्य अतिथि, अतिथि, फैकल्टी मेंबर्स एवं सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम में 75 लोग 75 तिरंगे 75 संकल्प के साथ एक भव्य रैली का भी आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने कर कमलों से किया । इसके साथ ही विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने 75 संकल्पों को भी लिखा। महर्षि स्कूल

ऑफ कामर्स के डीन श्री अंकित श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में डिप्टी रजिस्ट्रार, श्री गिरीश छिमवाल, सहायक वित्त अधिकारी, श्री ए.पी. सेठ, डीन स्कूल ऑफ साइंस, डॉ. रमाकांत, डीन स्कूल ऑफ फार्मेसी, डॉ. शिखर वर्मा, डीन स्कूल ऑफ इन्जीनिरिंग, डॉ. कल्याण अचरज्या, डिप्टी डीन स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज, डॉ. रूपम सिंह, डॉ. हिमानी कुलश्रेष्ठा, श्रीमती रश्मि राकेश, सुश्री रितिका कौशिक एवं सुश्री रिशिका कौशिक सहित विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर –शैक्षणिक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सपन अस्थाना ने बताया कि हर घर तिरंगा स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तिरंगा एवं राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित विविध गतिविधियों को संपादित किया जाएगा जिसका भव्य शुभारंभ किया गया है।

अधिवक्ता संघ का चुनाव के बाद सपथ ग्रहण हुआ संपन्न : महामंत्री बृजेश कुमार मिश्र अपने प्रतिद्वंदी को 31 मतों से किया पराजित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद अयोध्या के तहसील मिल्कीपुर बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के चुनाव में पवन कुमार शुक्ला अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रमेश कुमार पांडेय को 10 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र चौरसिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विश्वनाथ मिश्र को 20 मतों से पराजित किया वही बताते चलें की सबसे कठिन चुनाव महामंत्री पद पर रहे उम्मीदवार बृजेश मिश्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अरुण कुमार श्रीवास्तव को 31 मतों से पराजित किया। संयुक्त मंत्री प्रशासन शिवकुमार मिश्र 41 मत पाकर विजई हुए कार्यकारिणी तृतीय में कालिका प्रसाद तिवारी 53 मत सुनील कुमार शुक्ला को 52 मत मिले वही श्री प्रकाश सिंह को 24 मत मिले वही सबसे अधिक मत पाने वाले दो उम्मीदवारों को विजय घोषित किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर कालिका प्रसाद तिवारी दूसरे सुनील कुमार शुक्ला। बताते चलें कि आज 10 अगस्त को अधिवक्ता संघ का चुनाव 11:00 बजे से शुरू होकर के 2:00 बजे संपन्न हुआ। वही अधिवक्ता संघ के चुनाव की मतगणना 3:00 बजे से शुरू हुई। जिसमें 78 मतों में से 76 लोगों ने मतदान किया इस प्रकार पवन कुमार शुक्ल को 43 रमेश कुमार पांडे को 33, वही महामंत्री पद प्रत्याशी बृजेश कुमार मिश्र को 53 अरुण कुमार श्रीवास्तव 22 मत प्राप्त हुई इस प्रकार बृजेश कुमार मिश्र 31 मत से विजई हुए संयुक्त मंत्री प्रशासन शिवकुमार मिश्र को 41 श्री प्रकाश पांडे को 35 मत मिले। वही कोषा अध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय राम संवारे कार्यकारिणी प्रथम में, स्वामीनाथ उपाध्याय, सतीश प्रसाद, पहलाद मित्र, संदीप शुक्ला, निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी शिवराज तिवारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार मिश्र, एलडस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्र, अरुण शुक्ला, निर्वाचन कार्य को संपन्न कराया

प्राथमिक शिक्षक संघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी का खोला कच्चा चिट्ठा : एडी बेसिक को सौंपा शिकायतों का पुलिंदा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एडी बेसिक से मिलकर वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) का कच्चा चिट्ठा खोला। प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी की अगुवाई में बिंदुवार एवं लिखित शिकायत की गई तथा शिकायतों के पक्ष में दस्तावेजों का पुलिंदा भी थमाया। शिक्षक नेताओं ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और शिक्षकों के वित संबंधी समस्याओं के शीघ्र निपटारे की मांग किया। लेखा अधिकारी व उनके कार्यालय की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट शिक्षक नेताओं ने एक पखवारे से मुहिम चला रखी है। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह कहा कि इनकी लापरवाही का खामियाजा शिक्षक भोग रहा है और उसे इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने मैं आर्थिक दंड भी देना पड़ रहा है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा कि शिक्षकों के उत्पीड़न और शोषण पर संगठन मूकदर्शक नहीं रहैगा, और भ्रष्ट अधिकारी के मनमाने रवैए का पुरजोर विरोध करता रहेगा। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि ज्ञापन में लिखित आरप लगाया गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ पूर्ति हेतु एरियर के भुगतान को कई माह तक लंबित किया जाता रहा है। भुगतान करने में भी दोहरा मापदंड अपनाया गया है कुछ शिक्षकों को एरियर भुगतान करते समय आयकर कटौती ना करके आयकर विभाग को भी नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायत की गयी है। एक से डेढ़ वर्ष तक एनपीएस की धनराशि शिक्षकों से लेकर अद्यतन उनके खाते में अंतरित नहीं की गई जिससे शिक्षकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। जीपीएफ में भारी विसंगतियों का जिक्र करते हुए लेखा पर्ची एवं जीपीएफ पासबुक अधिकांश शिक्षकों को उपलब्ध नहीं कराने की भी शिकायत हुई है। शिक्षक नेताओं ने लेखाधिकारी पर स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहां है की कार्यदाई संस्था से मिलीभगत करके शिक्षकों के अग्रिम आयकर कटौती की संपूर्ण धनराशि उनके खाते में ना जमा करके आर्थिक घोटाला किया है। लापरवाही और भ्रष्टाचार का आलम यह है की एनपीएस कटौती वाले शिक्षकों से भी जीपीएफ की कटौती कर ली गई है जिसकी जानकारी देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही लेखा अधिकारी कार्यालय द्वारा नहीं किया। आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि के पूर्व फॉर्म 16 शिक्षकों को उपलब्ध नहीं हुआ फलस्वरूप उन्हें पेनाल्टी के रूप में आर्थिक क्षति उठाना पड़ रहा है। उपरोक्त बिंदुओं के समर्थन में शिक्षक नेताओं ने शिक्षकों सके प्रार्थना पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छाया प्रति सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा मंडलअयोध्या को सौंपी है। ज्ञापन देते समय धर्मवीर सिंह चौहान अविनाश पांडे समीर सिंह सत्येंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने 150 बसों को किया रवाना : 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को देंगे मुफ्त बस सेवा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व परिवहन निगम की 150 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को 48 घंटे लिए निशुल्क यात्रा का मौका दिया जा रहा है। उसी तरह से बहुत शीघ्र 60 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला को प्रदेश में पूरी समय फ्री बस सेवा देंगे। इस मौकेपर उन्होंने कई योजनाओं का लोकार्पण भी किया।बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बसों को रवाना करने से पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए रक्षाबंधन से अच्छा दिन क्या हो सकता है। हर जिले को दो–दो बसें मिली हैं। उन्होंने परिवहन निगम के ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश कहां, क्या आवश्यकता है, उसके अनुसार हमें अपने इंस्टीट्यूट को तैयार करना होगा। अपनी वर्कशाप को आईटीआई और पॉलीटेक्निक के साथ जोड़कर अधिक से अधिक छात्रों को भी अभ्यास कराने का प्रयास करना होगा। इससे जहां मेनपावर बढ़ेगी तो छात्र भी निपुण होंगे। बोले, प्रदेश में हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतें हैं। कोरोना जैसी महामारी जिसने दुनिया को पस्त कर दिया, उस दौरान यहां 23 हजार मौतें हुई जबकि प्रतिवर्ष दुर्घटना में बीस हजार मौतें होती हैं। सड़क दुर्घटना के पीछे क्या कारण हैं, इसे ढूंढने और उसके तह में जाने की आवश्यकता है। अगर हम इसमें सफल हो पाएंगे, तो निश्चित ही कहीं न कहीं इसे कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। कहा कि कोरोना काल में रोडवेज ने एक करोड़ प्रवासी श्रमिकों को निशुल्क उनके गंतव्य तक पहुंचाया। इनमें 40 लाख यूपी, 30 लाख बिहार के थे। अन्य राज्यों को भी मदद दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, परिवहन निगम अध्यक्ष आरके तिवारी, प्रमुख सचिव वेक्टेश्वर लू आदि मौजूद रहे।इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर करेंसीएम योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले कार्यकाल के दौरान तमाम राज्यों से एमओयू किए थे ताकि हमारी बसें बेधड़क दूसरे राज्यों में जा सकें। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए बेहतरीन प्रयास करने की आवश्यकता है। जो बसें जर्जर हैं, अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं, उन्हें बेड़े से हटाकर चरणवार बसें खरीदें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि परिवहन निगम की बसें हों या सड़कों पर चलने वाले कोई भी वाहन हों, ड्राइवर की टेस्टिंग हर साल होनी चाहिए। आनलाइन सुविधा दें, ऐसे सेंटर विकसित करें। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि कुल 1150 नई बसें बेड़े में शामिल होनी हैं।

मण्डलायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये तिरंगा स्टालों का किया उद्घाटन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया जाना है, जिसके अन्तर्गत जनपद में 09 अक्टूबर 2022 को नवदीप रिणवा, मण्डलायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये तिरंगा स्टालों का उद्घाटन किया गया एवं समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गये तिरंगे की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया एवं श्री नितीश कुमार, जिलाधिकारी तथा श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या व मण्डल–जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कमीशनरी अयोध्या से ''भारत माता की जय'' उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविन्द जैन, जे0डी0सी0, ए0 राजा–मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0पी0 सिंह–परियोजना निदेशक, शीतला प्रसाद सिंह–जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरलीधर द्विवेदी–डी0डी0सूचना, धीरेन्द्र यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी, दीपक कुमार सेन–डी0सी0, राकेश सिंह–डी0सी0, अविरल पाठक–डी0सी0, प्रदीप वर्मा व श्रीमती सरिता–डी0एम0एम0 एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ–साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त ने अपने सभी मण्डल स्तरीय अधिकारियों को इसी प्रकार रैली निकाल कर जनता को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के महत्व के विषय में जागरूक करने के निर्देश दिये गये एवं अनिवार्य रूप से सभी को झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए राष्ट्र ध्वज का सम्मान बनाये रखने के निर्देश दिये।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहर के अल्का टावर में दवा की दुकानों पर तिरंगा और मिठाई का किया वितरण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन अयोध्या के पदाधिकारियों ने शहर के अल्का टावर में दवा की दुकानों पर तिरंगा और मिठाई का वितरण किया।अभियान में एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।और दवा के प्रतिष्ठानों पर तिरंगा और मिष्ठान वितरित किया गया।इस दौरान फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवि आनंद ने बताया कि आज दवा की दुकानों पर तिरंगा और मिष्ठान वितरित किया गया जिससे आने वाली 13 अगस्त से 17 अगस्त तक दवा की प्रत्येक दुकानों पर ध्वजा अवश्य ही लगा मिले और तिरंगे के माध्यम से देश के लिए शहीद हुए वीर सपूतों को नमन कर सके।वही सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तिरंगा झंडा भारत की शान है अपने अपने घरों में सभी को मिलकर झंडा लगाना चाहिए जिससे देश के वीर सपूतों और बलिदानियों को याद किया जा सके।

सगी बहनों से गैंगेरेप के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज : गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने की टीमें गठित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले की कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में दो सगी बहनों के साथ गैंगरेप किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, दलित एक्ट, मारने–पीटने, धमकी देने और गाली–गलौज करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए पीड़ित पक्ष व ग्रामीणों से पूछताछ किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम गठित करके दबिश देना शुरू किया है। कोतवाली में दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बड़ी पुत्री की उम्र 19 वर्ष है व छोटी पुत्री की उम्र करीब 14 वर्ष है। दोनों बहन सोमवार शाम को शेरपुर पारा बाजार गई थी। वहां से देर शाम करीब 7:30 बजे घर वापस लौट रही थी। रास्ते में पहले से मौजूद आरोपियों द्वारा दोनों पुत्रियों को खींचकर गन्ने के खेत में ले जाया गया। दुपट्टे से मुंह बांधकर दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने दोनों बहनों को मारा–पीटा। जातिसूचक गाली देने के साथ धमकी भी दिया। काफी देर तक पुत्रियों के घर वापस न आने पर बाजार में खोजबीन और जानकारी की गई तो पता चला कि वह लोग एक घंटा पहले ही घर जा चुकी हैं। घर पहुंचने पर पीड़ित बेटियों ने अपनी मां को पूरी बात बताया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाईलाल यादव, त्रिभुवन यादव निवासी हरिवंशपुर मंगारी चौरे बाजार व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, बताया गया कि शुरुआत में मंगलवार की सुबह पीड़िता के पिता ने चार आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दिया था। जबकि, शाम को तीन आरोपियों के संलिप्त होने के बारे बताया गया। घटना की सूचना के बाद मंगलवार को एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव करीब छह घंटे तक कोतवाली में बैठे रहे और विभिन्न पहलुओं की जांच–पड़ताल करते रहे। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो नामजद और एक अज्ञात समेत तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आरोपी घर से फरार हैं। जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल और बयान की कार्यवाही शुरू की गई है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

प्राधिकरण और भू माफिया एवं विकास के बीच पिस रहे हैं निर्दोष : कौड़ियों में खरीदी गई जमीन करोड़ों में जा रही बेची

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रभु श्री राम की नगरी की भूमि जितनी पवित्र है उतनी ही निर्माता के साथ उसके अस्तित्व से खिलवाड़ किया जा रहा है इसके चलते नगरी के एक–एक इंच भूमि के लाले पड़ गए हैं सरयू के तटवर्ती क्षेत्र में जो भूमि बेची है उस क्षेत्र को अयोध्या विकास प्राधिकरण आवासीय स्वीकार करने को तैयार नहीं है यद्यपि कथित डूब क्षेत्र दशकों पूर्व ही बंधा से सुरक्षित हो गया है और इस पर थोक के भाव में कालोनियां विकसित हो चली है 9 नवंबर 2019 को रामलला के पक्ष में आए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद से ही राम नगरी की भूमिका भाव आकाश छूने लगा और ऐसे में भूमि की खरीद–फरोख्त का धंधा करने वाले लोग कहीं अधिक नियोजित प्रयास के साथ सक्रिय हुए हैं वह मनमाने दाम पर अधिकाधिक भूमि खरीदकर उसे मनमाने दाम में ही बेचने को तैयारी में लग गए हैं इस प्रयास में डूब क्षेत्र की भूमि उनके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है गति दो–तीन वर्षों में डूब क्षेत्र की करीब 3000 एकड़ भूमि में 1000 एकड़ भूमि हस्तांतरित हो चुकी है गोलियों के मॉल में हत्या की गई भूमि के करोड़ों अरबों की होने का इंतजार है डूब क्षेत्र में अनेक विशाल भूखंड पर प्लाटिंग भी हो चुकी है ऐसा करने वाले वे कारोबारी हैं जो लंबे समय तक निवेश करने की स्थिति में नहीं है और त्वरित किंतु समुचित लाभ पाने के फेर में हैं इसी क्षेत्र में कुछ विद्यालय भी खुल गए हैं अब सब के नाक के नीचे चलता रहा और अयोध्या विकास प्राधिकरण की नियत अब जाकर खुली है जब पानी सिर से ऊपर चला गया सरकारी जांच और बुलडोजर के आतंक से मोटी चमड़ी वाले तो चुप हैं किंतु जीवन की जमा पूंजी लगाकर घर बनाने वाले आम लोगों का रक्तचाप बढ़ा हुआ है किसी को घटाए जाने की तो किसी को प्लाट जमाने का डर सताया जा रहा है भूमि के इस खेल में कई तलवार बाज रहा है और किसी पर निशाना साधा जा रहा है किंतु इससे डूब क्षेत्र में घर बनने के लिए भूमि लेने वालों के लिए कोई उम्मीद नहीं है डूब डूब क्षेत्र के ग्राम गोरा पट्टी में 1000 वर्ग फीट से घर बनवाने का सपना साकार कर रही बुजुर्ग ने गत दिनों मकान की छत राहत की सांस ली थी कि अगले दिन बुलडोजर उनका घर गिराने पहुंचा चिरौरी से वह अपना घर बचाने में कामयाब तो हुए किंतु उनकी आशंका बढ़ गई है इस बेचौनी बेचारी ग्रस्त उन जैसे हजार लोग हैं वही बुजुर्ग कहते हैं कि जब जमीन ली तब डूब क्षेत्र का रट्टा नहीं था जमीन का बैनामा लिया और खाली दाखिल मेरे नाम होगा नक्शा पास कराने गए तो प्राधिकरण ने बैरंग लौटा दिया पूर्व विधायक एवं सपा के प्रदेश सचिव जय शंकर पांडे कहते हैं 15 बनने के बाद ही लोगों की जरूरत देखते हुए जिलाधिकारी और राजस्व परिषद की इस भूमि को आवासीय क्षेत्र घोषित करना था अभी भी समय है इस क्षेत्र को आवासीय घोषित कर आम लोगों का घर बचाया जाए जहां तक गलत ढंग से भूमि हथियाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रश्न है उसका विकल्प तब भी खुला रहेगा।

यूपी सरकार की गलत नीति का परिणाम गोबंश रहे हैं भुगत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) यूपी सरकार की गलत नीति का परिणाम गोबंश भुगत रहे हैं और पूरे प्रदेश में लाखों गोवंश आवारा घूम रहे हैं तथा गौशाला में चारा पानी के बगैर तडप तडप कर दम तोड़ रहे हैं तथा सरकारी खजाने से 30/–रूपये प्रति गोवंश प्रति दिन के हिसाब से दिया जा रहा है। यदि सूत्रों की सूचना को सही माने तो कयी गोशाला संचालक कतलगाहो में गोवंश की आपूर्ति भी कर रहे हैं तथा चारे का पैसा भी हजम कर रहे हैं । सूचना मिल रही है कि गोमास खाने के सौकीन एक गाय पाल लेते हैं तथा उसी गाय को दिखा कर बछडो को कसाई बाडा तक ले आते हैं फिर वह बछडे बाहर नहीं जा पाते हैं इस तरह अब सरकार की कृपा से उनको मुफ्त में गोमास उपलब्धा है । सूबे में भूषा 12–14/–किलो है एक मवेशी 24घंटे में 5–7 किलो भूषा खा कर अपना पेट भर सकता है इस तरह सरकार के द्वारा दी गई रकम ऊट के मुंह में जीरा साबित हो रही है । ऐसे में यह आवश्यक है कि पशु पालन विभाग गोवंश की गणना करके सीधे पशु पालक के खाते में धन देने की वयवसथा करे खाद्य सुरक्षा अधिनियम की तरह यूनिट के अनुसार प्रति यूनिट मात्र 1000/–पशु पालक के खाते में देने से आशचरयजनक परिवर्तन हो सकता है तमाम भूमि हीन दलित पिछड़े लोगों को भी पशु पालन करने का अवसर मिल जाए गा तथा खेती बाड़ी करने वाले लोगों को अच्छी खाद व समाज में लोगों को शुद्ध दूध भी मिलना सुरू हो सकता है।

पांचों विधानसभाओं के 11 हजार घरों पर लगाएंगे तिरंगा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर सपा मुखिया अखिलेश भैया के दिशा निर्देशन में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक क्रांति दिवस के रूप में घर–घर तिरंगा झंडा लगाने निकल पड़े हैं सपा के दिव्यांग नेता पंडित समरजीत। विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के दाराबगंज बाजार के वन राजा के पुरवा में घर–घर तिरंगा लगवाने का शुभारंभ किया तथा पंडित समरजीत ने कहा––जनपद के पांचों विधानसभाओं में 11 घरों में 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा लगवाने का काम करूंगा। और हमारे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया जी ने जो स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है वह हम तिरंगा लग जाते समय घर के परिवारों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई बताने का काम कर रहे हैं। देश को स्वतंत्रता दिलाने में शहीद हुए वीर शहीदों के विषय में उनके संघर्षों तथा देश के नव छावर करने वाले वीर शहीदों के विषय में जनता को बताने का काम कर रहे हैं। हम जनता के बीच जाकर घर–घर तिरंगा लगाते हुए परिवारों से अपील कर रहे हैं चाहत रोए स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाइए।

पूर्व मंत्री व विधायक अयोध्या ने ब्राह्मण परिवार में पहुँचाई आर्थिक सहायता

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ''पवन पाण्डेय'' अयोध्या मया ब्लाक अंतर्गत इज्जत बचाने में जान गवाने वाले युवती के घर जाकर परिजनों से मिलकर पचास हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। मंत्री पवन पाण्डेय नें मृतका जांबाज बेटी को न्याय दिलाने में अपना पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय के साथ एक ब्राम्हण प्रतिनिधि मंडल भी साथ उपस्थित रहा जिसमें जय प्रकाश तिवारी, सचिन तिवारी, सुमित तिवारी बागी, शैलेंद्र तिवारी डब्बू, पंकज तिवारी, इं. गौरव तिवारी, अभिषेक तिवारी, विकास तिवारी, अंगद तिवारी, पारिजात त्रिपाठी, कार्तिकेय पाठक गोलू, रूद्र मणि तिवारी, अनुराग द्विवेदी, ज्ञानेंद्र शुक्ला, शिवांशु तिवारी, उमेश दुबे, राकेश पांडे, रजनीश तिवारी, हनुमान दुबे, संटी तिवारी, अभय शुक्ला, सचिन पांडे गुडलक, छोटू चतुर्वेदी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। घटना से संबंधित आरोपी हैं जेल में। थाना महाराजगंज के मलिक पट्टी तारा गौहान गांव का मामला। खेत में चारा लेने गई युवती से हुआ था दुष्कर्म का प्रयास। गम्भीर घायल अवस्था में युवती ट्रामा सेंटर कराई गई थी भर्ती जहाँ दिनांक 8/8/2022 को युवती की हुई थी मृत्यु घोषित।

विधायक ने अमृत सरोवर पर निकाला तिरंगा यात्रा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मवई ब्लाक के नेवरा गांव में निर्मित राज्य अमृत सरोवर परसी तालाब पर विधायक ने ग्रामीणों को तिरंगा वितरित कर तिरंगा यात्रा निकाला।इस मौके विधायक ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। विधायक रामचंद्र यादव ने मवई ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नेवरा में मनरेगा योजना द्वारा निर्मित अमृत सरोवर पर तिरंगा यात्रा निकाला।विधायक ने मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर देश की आजादी के 75 वर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल संरक्षण की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। कहा कि सरोवर के चारों और सुंदर सीढ़ी सहित गांव के लोगों को टहलने के लिए पाथ–वे भी बनाया जाएगा। कहा कि यह योजना गांव के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ तिरंगा झंडा लेकर तालाब के चारो ओर यात्रा भी किया।विधायक ने गांव के पीएम आवास योजना से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया।इस मौके पर बीडीओ रशेष गुप्ता,ग्राम प्रधान विक्रमाजीत यादव,भीम सिंह,निर्मल जायसवाल, संजय जायसवाल,बीडीसी रामकुमार यादव,रामसेवक,इरफान खां,पंकज जायसवाल समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

विकास प्राधिकरण की सरजू टाउनशिप डूब क्षेत्र में डूबी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) माझा जनता में भवन निर्माण में डूब क्षेत्र बताकर जो हाय तोबा इन दिनों मची है उसका एक सच यह भी है कि बाढ़ कार्य खंड बांधा निर्माण होने से उसे डूब क्षेत्र नहीं मानता बाढ़ कार्य खंड के इंजीनियर बाधा से लेकर नदी की धारा तक के अंदर के क्षेत्र को ही फ्रेंड जोन बताते हैं डूब क्षेत्र में निर्माण का मामला तूल पकड़ने के बाद बालकांड के इंजीनियर से सरयू नहर खंड का मामला बताकर आधिकारिक तौर पर कुछ भी बोलने से बचते हैं इस क्षेत्र से जुड़े एक सच अयोध्या विकास प्राधिकरण की अलमारी में कई वर्षों से बंद है यह सच प्राधिकरण की सरजू टाउनशिप का है जिसे जनता तारापुर रजौली से लेकर राजघाट तक बताया जाना था प्राधिकरण ने लगभग 10 वर्ष पहले सरजू टाउनशिप की अति महत्वकांक्षी आवासीय योजना का खाका खींचा था लगभग 800 हेक्टेयर भूमि में प्रस्तावित नई आवासीय कॉलोनी सीता झील एवं सरकारी कार्यालय आवास उसका हिस्सा थे किसानों से सहमति के आधार पर प्राधिकरण को भी करनी थी इसे आगे बढ़ाने से पहले जब राष्ट्रीय अभियंत्रण संस्थान रुड़की से प्राधिकरण ने मिट्टी की जांच कराई तो भवन निर्माण सहने की क्षमता नहीं निकली लैंड बैंक ना होने वाले प्राधिकरण को यह बड़ा झटका था कहते हैं कि उनके पहले की है राष्ट्रीय अभियंत्रण संस्थान रुड़की के परीक्षण में भवन निर्माण के लिए उस क्षेत्र की मिट्टी को उपयोगी नाम आने के बाद उसे छोड़ दिया गया वहीं सरजू नहर खंड के अधिशासी अभियंता जयसिंह इसे वेटलैंड क्षेत्र बताते हैं इसका चयन दूसरा विभाग करता है कहकर कुछ भी बोलने से बचते हैं प्राधिकरण के मास्टर प्लान में भी इसे ऑनलाइन व्यापार के लिए छोड़ा गया है शासन अनुमोदन के लिए मास्टर प्लान अभी पाइप लाइन में है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त स